हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 08 जून 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page No :07 Left Middle

एसआरएमएस व गंगाशील में केंद्रीयकर्मी करा सकेंगे इलाज

आयकर कर्मचारी महासंघ ने गुरुवार को कार्यालय में आम सभा कर खुशी जताई।

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

केंद्रीय कर्मचारी और उनके परिजन अब एसआरएमएस मेडिकल कालेज और गंगाशील में भी केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज करा सकेंगे। मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर ने इस संबंध में नियम पत्र जारी कर दिया है। बरेली के कर्मचारी पिछले 8 वर्षों से यह मांग कर रहे थे।

सबसे अधिक संघर्ष आयकर कर्मचारी महासंघ ने किया। गुरुवार को संघ ने आयकर कार्यालय में आम सभा कर खुशी जताई। जोनल सचिव रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन बरेली के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष सुनील मिश्रा, उपाध्यक्ष योगेश पाल और सचिव अरुण जायसवाल बोले, इससे आयकर के साथ पोस्ट ऑफिस, पासपोर्ट ऑफिस, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, केंद्रीय भूगर्भ जल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय, इंटेलिजेंस ब्यूरो, केंद्रीय हस्तशिल्प के कर्मचारी-अधिकारी लाभान्वित होंगे।

आयकर राजपत्रित संघ के संयुक्त आयकर आयुक्त अरुण चौधरी, अधिकारी प्रमोद रावत, प्रदीप, एमएमके अब्बास आदि ने खुशी जताई। आर के सक्सेना, कमलेश मौर्या, संजय कौशल, कुलदीप गंगवार, शिवम मौजूद रहे।